# यूपीईएस ने 5वीं बार जीता शहीद मेमोरियल कप




dehradun@inext.co.in

**DEHRADUN (10 Jan):** यूपीईएस ब्लू ने 11वें शहीद मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया. टूर्नामेंट में प्रोजेक्ट नमन के भारतीय सशस्त्र बलों के वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई.

## 20 ओवर में लिए 6 विकेट

बिधौली क्रिकेट ग्राउंड में आयोजित फाइनल मैच में यूपीईएस ब्लू ने सिंचाई विभाग हरिद्वार के खिलाफ मुकाबले में भाग लिया. यूपीईएस ब्लू ने 20 ओवर में छह विकेट खोकर 189 रनों का लक्ष्य रखा. हालांकि, सिंचाई विभाग हरिद्वार की टीम 168 रन बनाकर आठ विकेट खोकर लक्ष्य से 21 रन पीछे रह गए. जिसके बाद यूपीईएस ब्लू विजेता घोषित हुआ.

## प्रशांत मैन ऑफ द मैच

यूपीईएस ब्लू के प्रशांत चौधरी को मैन ऑफ द मैच चुना गया. मोहित मिर्या को बेस्ट बॉलर के खिताब से नवाजा. अमन नेगी ने 374 रन बनाकर बेस्ट बेट्समैन और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब जीता. टूर्नामेंट को 4 पैरा स्पेशल फोर्सेस के दिवंगत पीटीआर अमित कुमार अंथवाल के नाम समर्पित किया गया. जिन्होंने जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा केरन सेक्टर में बलिदान दिया. अंथवाल के परिवार को 5 लाख की वित्तीय सहायता और परिवार के एक सदस्य के लिए नौकरी का अवसर प्रदान किया. यूपीईएस ब्लू, पीडब्ल्यूडी, सिंचाई विभाग हरिद्वार, यूपीसीएल रुड़की, कृषि विभाग, पेयजल विभाग, एमडीडीए और जल संस्थान शामिल हैं.